हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 मई 2024

06 दिनभर गुजरते हैं हजारों वाहन, ट्रैफिक सहित वाहन...



07 अस्पताल के हालः जांच दल को ऑपरेशन थियेटर में...





**खबर संक्षेप**

### अपर कलेक्टर ने रोस्टर निरीक्षण दल का गठन किया

**आगर-मालवा।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी आगर का वार्षिक रोस्टर निरीक्षण वर्ष 2024-25 का किये जाने हेतु अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने दो सदस्यीय रोस्टर निरीक्षण दल का गठन किया है। दल में अधीक्षक एस एस भूरिया, सहायक ग्रेड-03 जतिन वर्मा शामिल है। यह दल सामाजिक न्याय विभाग आगर मालवा , जिला आबकारी विभाग आगर मालवा ,एवं जिला कोषालय आगर मालवा का निरीक्षण कर अपनी टीप तैयार करेगा। अपर कलेक्टर वर्मा ने उपरोक्त विभागों के अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान दल को रिकार्ड उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया है।

### बीयूः 16 मई से परीक्षा

**सीहोर।** बरकतउल्ला विश्व विद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा 16 मई से शुरु होने वाली हैं। ऐसे में अब छात्रों को एबीसी आईडी बनाना होगी। इसके लिए बीयू ने सभी को निर्देश दिए हैं कि अगर किसी छात्र की एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) आईडी नहीं बनी हो या कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो इसके लिए आईटी सेल में संपर्क कर आईडी बनवा लें।

### निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने पर कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

**सीहोर।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत तीसरे और चौथे चरण का मतदान शांतिपूर्ण, सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों तथा नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन अमले ने अपने दायित्व का पूरी गंभीरतापूर्वक निर्वहन किया है और उन्होंने अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिले की निर्वाचन व्यवस्थाओं, स्वीप गतिविधियों, मतदान, सुरक्षा व्यवस्था आदि का समुचित एवं प्रभावी कवरेज मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित किए जाने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का आभार माना।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य


**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस व नगर गौरव दिवस पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**माता रानी को लगाया छप्पन भोग, की गई महाआरती**

# मां पीतांबरा बगलामुखी महारानी रथ में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलीं











हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस, नगर गौरव दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में माता रानी की भव्याति- भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें माँ बगलामुखी को सुज्जजित रथ में विराजित किया गया था। शोभायात्रा में कई आकर्षण के केंद्र भी शामिल थे। माता रानी के दर्शन व शोभायात्रा को निहारने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी प्रमुख मार्गों पर जमा थे। शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में धर्म पताकाए लहरा रही थी। स्थान- स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक ,संगठनों व नगरवासियो द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

मां बगलामुखी के प्राकट्य दिवस पर दोपहर 12 बजे माँ बगालामुखी मन्दिर पर माता रानी के समक्ष 56 भोग लगाकर महाआरती की गई इस अवसर पर बाबा रामदेव धाम टीकोन के गुरुदेव शिवनारायण जी पाटीदार सहित



हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित थे। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया था।

माता के नो रूपों में से एक बगालामुखी स्वरूप भी है जिसका प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। विगत दो वर्ष से इस दिवस को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया गया था। इस वर्ष नगर में स्थित विश्वप्रसिद्ध मां बगलामुखी मन्दिर पर माता के अवतरण दिवस एवं नगर गौरव दिवस पर कई धार्मिक आयोजन हुए।

सायंकाल 4 बजे किला मैदान स्थित सांवरिया नाथ मंदिर से मां बगलामुखी की भव्याति-भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आगे- आगे अश्वारोही हाथों में धर्म पताका लेकर चल रहे थे वहीं सुज्जजित रथ में माता रानी को विराजित किया गया था। स्थान- स्थान पर नागरिको ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में 5 सुज्जजित बग्गी पर संत विराजित थे। शोभायात्रा में प्रशानिक व पुलिस अधिकारी के साथ अन्य राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी भी शामिल थे।







### शोभायात्रा में आकर्षण ये रहे केंद्र

मां बगलामुखी की इस शोभायात्रा में इंदौर के कलाकारों द्वारा माता रानी के विभिन्न रूप धारण नगरवासियों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर आकर्षित किया। इसी के साथ एक ट्रैक्टर ट्राली पर राधा कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों द्वारा रासलीला की जा रही थी। नासिक महाराष्ट्र से आई ताशा पार्टी भी आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रसिद्ध बैंड के साथ अन्य बैंड वादक भी माता रानी के भजन के साथ अपनी स्वर लहरियां बिखरते हुए चल रहे थे। जिसकी धुन पर शोभायात्रा में शामिल युवाओं की टोली नाचते - थिरकते चल रही थी। शोभायात्रा में विभिन्न झांकीया भी शामिल थी। शोभायात्रा के दौरान नगर की सड़कों पर आकर्षक रंगोलियां भी बनाई जा रही थी। शोभायात्रा का नगर के कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक संगठनों द्वारा मंच के माध्यम से व नगरवासियो द्वारा भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया व शोभायात्रा में शामिल नागरिको का शीतल पेय जल ,ठंडाई, शरबत, आइसक्रीम आदि से स्वागत किया गया ।

### दीपक से जगमगाया माता रानी का आंगन

मां बगलामुखी के अवतरण दिवस पर दीपोत्सव आकर्षण का केंद्र रहा जिसमे माता रानी के आंगन को दीपों की रोशनी से जगमगाया गया। माता रानी के गर्भगृह के सम्मुख स्थित राजा विक्रमादित्य द्वारा बनवाई गई 80 फिट ऊची दीप मालिका को दीपक की रोशनी से रोशन किया गया वही मंदिर परिसर व मंदिर के बाहर भी हजारों की संख्या में दीपक से आकर्षक सज्जा की गई।



### माता रानी को लगाया 56 भोग महाआरती की गई

इस वर्ष नगर में शोभायात्रा के पूर्व ही दोपहर 12 बजे माँ बगलामुखी मंदिर पर पीताम्बरा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा माता रानी के समक्ष 56 पकवानों का भोग लगाया गया।वही माता रानी की अष्टधातु की प्रतिमा पर मंत्रोच्चार व विधि- विधान से अभिषेक किया गया। माँ बगलामुखी माता की महाआरती की गई जिसमें भी हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित थे। मां बगलामुखी के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारे मंदिर परिसर तथा सिंह द्वार के बाहर तक लगी हुई थी। मां बगलामुखी अवतरण दिवस पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा महाप्रसादी का लाभ लिया गया ।

## कृषि विभाग ऑनलाइन देगा किसानों को योजनाओं का लाभ

**किसानों को आवेदन करने के लिए कृषि विभाग के ऑफिस में नही जाना पडेगाः चौरसिया**

**आगर-मालवा।** आयुक्त, किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजना का लाभ अब कृषक ऑनलाईन ही ले सकते है, कृषि विभाग अब किसानों के उनके एन्ड्रोयड मोबाइल पर ही टढ ङकरअठ अस्त्रस्त्र के माध्यम से किसान स्वयं अपने घर बैठे पंजीयन / आवेदन कर सकता है, इसके लिए किसान को एप 2.5.9 वर्जन डाउनलोड करके उनको कृषि विभाग की जिस भी योजना का जिस भी घटक का लाभ लेना चाहते है, उसका आवेदन कृषक स्वयं घर पर अपना पंजीयन कर सकता है, उप संचालक, कृषि विजय चौरसिया ने बताया कि किसानों को आवेदन करने के लिए कृषि विभाग के ऑफिस में नही जाना पडेगा, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषक घर बैठे ही आवेदन करे, विभाग में आवेदन बीज एवं सुक्ष्म पौषक तत्व, पाईपलाईन, सप्रींकंलर, ड्रिप प्रदर्शन के लिए कर सकते हैं, आवेदन के उपरांत कृषक का आवेदन क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी के पास ऑनलाईन दिखने लगेगा, कृषि विस्तार अधिकारी आवेदन को स्वीकृत कर देगा तो वह आवेदन स्वयं ही विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पास ऑनलाईन पहुंच जायेगा, स्वीकृति उपरांत कृषक को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ मिल जायेगा। उप संचालक, चौरसिया द्वारा समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि कृषि विभागीय योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुचाने के लिए कृषकों को एप्प डाउनलोड करायें तथा ऑनलाईन आवेदन करा कर पोर्टल पर पंजीयन करायें, किसान भाई स्वयं ही एम.पी. किसान एप्प डाउनलोड करें अगर आवेदन / पंजीयन में कोई समस्या आती है तो अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क करें।

### नीट पीजी आवेदन में सुधार 16 तक

**सीहोर।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी के लिए आवेदन में करेक्शन की विंडो ओपन कर दी है। इसके तहत अभ्यर्थी nbe.edu.in के माध्यम से अपने नीट पीजी आवेदन पत्र में सुधार और परिवर्तन 16 मई तक कर सकते हैं। यह परीक्षा 23 जून को भोपाल सहित देशभर के अलग-अलग केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए एडमिट कार्ड 18 जून को जारी किया जाएगा। जबकि परीक्षा 23 जून को होगी। नीट पीजी परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को घोषित हो सकता है। नीट पीजी की पात्रता के लिए इंटर्नशिप पूरी करने का कटऑफ तारीख 15 अगस्त है।

## आदर्श बलाई समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अखिल भारतीय बलाई महासभा के तत्वाधान में आदर्श बलाई समाज 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। विवाह सम्मेलन समिति कानड के द्वारा 138 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन कानड नगर में दरबार कृषि फार्म में संपन्न हुआ।सम्मेलन में इंदौर,उज्जैन, शाजापुर,देवास,राजगढ़,झालावाड़ आदि जिलों से जोड़े शामिल हुए। अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल बैचलर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही ताराचंद बुनकर युवा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, जितेंद्र खारकिया जयपुर, अनिल सिन्दल प्रदेश अध्यक्ष बलाई महासभा उज्जैन समाजसेवी राजेंद्र मालवीय धर्मराज प्रधान पूर्व एसडीएम पूर्व मंडी अध्यक्ष राजमल सोनी केशव सिंह दरबार राजेंद्र सिंह राजपूत अतिथि के रूप में पहुंचे.विवाह वैदिक पद्धति से पंडित काशीराम अनल एवं विनोद आर्य व शिवनारायण बैरागी के द्वारा संपन्न कराया गया। सम्मेलन में राजस्थान दिल्ली व अन्य प्रदेशों से समाज जन उपस्थित हुए समिति के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष नानुराम परमार,सचिव जगदीश चंद्र मालवीय, उपाध्यक्ष सोदान सिंह मालवीय, गिरधारी लाल मालवीय, शिवनारायण पोस्टमास्टर सोदान सिंह मालवीय, सुतडा रामलाल दोवड़ा पूनम चंद मालवीय विक्रम सिंह मालवीय कालू सिंह जी मालवी मनोहर लाल वर्मा एडवोकेट प्रियंका मालवीय पटेल कैलाश चंद्र मालवीय आत्माराम सुमन भेरुलाल जी परमार कैलाश चंद्र मालवीय शिवनारायण नेताजी रमेश चंद्र मेवाडा मनोज परमार गोकुल चोहान प्रकाश मालवीय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सम्मेलन में 15000 के लगभग समाज जनों का आगमन हुआ। समिति कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के व्यवस्थापक सत्यनारायण मालवीय ने किया व आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान ने माना। सम्मेलन स्थल पर लगा विशाल पांडाल भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडक पहुंचाने वाला था।



### यातायात होता रहा बाधित

सम्मेलन में बडी संख्या में आने वाले वाहनों से आगर सारंगपुर मुख्य मार्ग पर बार बार यातायात बाधित होता रहा ।

### दुकानों पर खूब हुई बिक्री

बुधवार को आयोजित विवाह सम्मेलन में बड़ी संख्या में दूर दराज से आए समाजजन ने सम्मेलन में अपनी उपस्थिति तो दर्ज की ही साथ ही बडी संख्या में आए लोगो से नगर की होटल, चाय की टपरी और पान की दुकानों पर जमकर ग्राहकी रही। अखिल भारतीय बलाई महासभा द्वारा इस वर्ष आदर्श बलाई समाज का 13 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया।समिति के लोगो के साथ मिलकर समाज के लोगों ने कड़ी मेहनत की। सुव्यवस्थित व्यवस्था और सभी के सहयोग से भव्य विवाह सम्मेलन को सफल बनाया जा सका।

**सलकनपुर मंदिर परिसर तक वाहनों के आवागमन पर 13 जून तक प्रतिबंध**

# सलकनपुर मंदिर परिसर में देवी लोक निर्माण कार्य के चलते वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्माण कार्य किए जाने के तहत सलकनपुर मंदिर पर देवी लोक का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो कि प्रगति पर है। निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए मटेरियल शिफ्टिंग, पत्थरों की मूर्ति, कॉलम इत्यादि भी लगातार परिवहन हो रहे हैं।

अपर जिला दण्डाधिकारी वृंदावन सिंह द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जन सामान्य के हित,जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से संलकनपुर मंदिर सड़क पहुंच मार्ग में प्रतिबंध लगाया गया है। रेहटी-



बुदनी मार्ग पर स्थित संलकनपुर मंदिर प्रवेश द्वार क्रमांक 01 से मंदिर तक समस्त प्रकार के वाहनो का अवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। केवल निर्माण कार्य में संलग्न एवं शासकीय वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इस व्यवस्था के लिए चल रहे निर्माण कार्य की एजेंसी द्वारा सड़क मार्ग के प्रवेश द्वार पर आवश्यक व्यावस्था की जाएगी। इस कार्य में पुलिस द्वारा आवश्यक सहयोग किया जायेगा। य़ह व्यवस्था पांच कार्यालयीन दिवसो (सोमवार से शुक्रवार) तक लागू रहेगी। शनिवार एवं रविवार को समस्त प्रकार के वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा किसी विशेष पर्व पर प्रतिबंध से छूट प्रदान की जाएगी। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 13 जून,2024 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 भारतीय दण्ड विधान अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

**खबर संक्षेप**

### घर में घुसा जहरीला सांप कोबरा, शिवराज ने किया रेस्क्यू



**देवास।** पिछले दो दिनों से शाम के समय हुई बारिश के बाद जहरीले जीव भी जमीन से बाहर निकलने लगे है। बीमा रोड़ स्थित मुखर्जी नगर में रहने वाले नगर निगम के अकाउंटेट दिलीप गर्ग के घर में बुधवार सुबह जहरीला सर्प कोबरा घुस गया। जब घर के सदस्यों ने उसे देखा तो सब घबरा गए। उसके बाद सर्प रेस्क्यू करने वाले व्यक्ति शिवराज सिंह चौहान को बुलाया गया। शिवराज द्वारा जहरीले सर्प को घर से रेक्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया। सर्प रेस्क्यू करने वाले शिवराज सिंह ने बताया कि बीमा रोड़ पर घर में सांप घुसने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचा था संभवतः सांप जंगल से होता हुआ रहवासी क्षेत्र में पहुंचा होगा, जिसका रेस्क्यू किया गया। यह सर्प काफी जहरीला होता है। फिलहाल उसे पकड़कर दूर जंगल में छोड़ा गया है। स्पेक्टिकल कोबरा नामक यह सांप भारत में पाए जाने वाले सबसे जहरीले सांपों की श्रेणी में आता है। दरअसल बेमौसम बारिश से जंगल खेतों से होता हुआ यह सांप रहवासी क्षेत्र में पहुँच गया। जानकरों की माने तो भारत मे पाए जाने वाले सबसे जहरीले सांपों की श्रेणी में यह सांप आता हैं। स्पेक्टिकल कोबरा नाम के इस साँप के जहर से कई प्रकार की बेहोशी सम्बन्धी दवाइयां बनाई जाती। इसके जहर की एक बूंद 70 लोगों को प्रभावित कर सकती हैं।

### विधायक पवार के प्रयासों से रसलपुर तिराहे पर मिली फ्लाईओवर की स्वीकृति

# दिनभर गुजरते हैं हजारों वाहन, ट्रैफिक सहित वाहन दुर्घटनाओं से मिलेगी निजात

देवास शहर के रसलपुर तिराहा पर आम वाहनों के साथ भारी वाहनों का रहता है अत्यधिक दबाव, मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण होने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर लगेगा विराम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के रसूलपुर तिराहा पर दिनभर में कई बार जाम के हालात निर्मित होते रहे हैं। यहां यातायात का दबाव अधिक है और ब्रिज की सख्त जरूरत थी। उक्त समस्या को विधायक गायत्री राजे पवार ने संज्ञान में लेते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इंदौर आगमन पर 05 मई 22 को उनसे चर्चा की और शहर की इस समस्या से उन्हें अवगत कराया। विधायक पवार के अथक प्रयासों के चलते रसुलपुर बायपास पर फ्लाइओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति उसी समय केंद्रित मंत्री गडकरी द्वारा मौखिक रूप से दे दी गई थी। चर्चा में रसुलपुर बायपास चौराहे पर इंदौर रोड से भोपाल बायपास की तरफ फ्लाईओवर की मांग कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया था। केंद्रीय मंत्री गड़करी ने उन्हें मौखिक स्वीकृति प्रदान की थी और आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा। अब इस कार्य के लिए 42.33 करोड रूपये की स्वीकृति मिल गई हैं। इस कार्य के लिए अतिशीघ्र टेंडर प्रकिया को पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। विधायक गायत्री राजे की इस सार्थक पहल से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। अब जल्द ही लोगों को यहां पर लगने वाले जाम एवं परेशनी से राहत मिलेगी। फ्लाईओवर निर्माण के लिए हरी झंडी मिल चुकी हैं। ऐसे में रोज खासकर सुबह व शाम के समय यातायात के दबाव से गुजरने वाले लोगो को जाम से राहत मिलेगी। कई बार हालात ऐसे होते हैं कि लोहारपिपल्या तक वाहनो की लाईन लग जाती थी।

**मुख्य बिंदु**

- 10,000 से ज्यादा वाहन निकलते हैं दिनभर में
- 3 रास्ते मिलते हैं यहां
- 43 करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव हुआ स्वीकृत

#### 43.74 करोड़ का प्रस्ताव स्विकृत

रसूलपुर तिराहा पर 550 मीटर लंबे फलाईओवर का प्रस्ताव हुआ स्वीकृत हुआ हैं। यह प्रस्ताव करीब 43.74 करोड़ रुपए का हैं। ज्ञात हो कि इंदौर रोड से भोपाल बायपास पर जाने वाले वाहनों की संख्या हजारों में रहती है। भोपाल, ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन इसी तिराहे से निकलते हैं। ऐसे में शहर से इंदौर की ओर जाने वाले वाहनों और इंदौर की ओर से बायपास पर जाने वाले वाहनों को तिराहा क्रॉस करते समय रुक-रुककर निकलना पड़ता है। इस दौरान कई बार हादसे की आशंका भी रहती है। कई बार वाहन गुत्थमगुत्था भी होते हैं। फ्लाईओवर बनने से उक्त सभी समस्याओं से बहुत हद तक निजात मिलेगी।




**जाम से मिलेगा छुटकारा**

मेरा ये चुनावी वादा भी था, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी को और मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगी। प्रमुख शहर इंदौर भोपाल सहित देवास के लोगो को मुख्य रूप से यातायात के दबाव से छुटकारा मिलेगा। वही सिंहस्थ 2028 के भारी यातायात दबाव को भी मैनेज करने में मदद मिलेगी।

**गायत्री राजे पवार,** विधायक

# प्रधान आरक्षक द्वारा शासकीय मार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर हुई शिकायत

### आदर्श नगर के रहवासी पहुंचे एसपी ऑफिस



**देवास।** एसपी ऑफिस पहुंचकर आरक्षक की शिकायत करते रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड क्रं. 30 बी सेक्टर आदर्श नगर के रहवासी पार्षद शीतल गेहलोत के नेतृत्व में नगर निगम एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां रहवासियों ने पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ फिरोज खान द्वारा रहवासियों के शासकीय मार्ग पर कब्जें का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया गया। रहवासियों ने आवेदन में बताया कि प्रधान आरक्षक द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुये आदर्श नगर बी सेक्टर में स्थित सार्वजनिक मार्ग (गजरा गियर्स चौराहे से माता जी टेकरी की ओर जाने वाला मार्ग) को अवैध रूप से बंद कर दिया गया है। रहवासियो को आवागमन से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर अतिक्रमण होने से रहवासियों के घर तक कचरा वाहन नही पहुंच पा रहा है। ऐसे में यदि इमरजेंसी पड जाए तो एम्बूलेंस भी अंदर प्रवेश नही कर सकती। रहवासियों द्वारा मांग की गई हैं कि सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जे को अविलम्ब हटवाकर उक्त पुलिसकर्मी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। यदि शीघ्र कार्यवाही नही होती है तो रहवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मामले में प्रधान आरक्षक जावेद खान का कहना हैं कि आप खुद आकर देख सकते है।हमारे द्वारा ऐसा कुछ नही किया गया है। हम हमेशा मोहल्ले वालों की मदद के लिए त्तपर रहते है।

**जांच की जाएगी**

अतिक्रमण की शिकायत मिली थी जिसे सम्बंधित विभाग निगम को अवगर करा दिया गया हैं, मौका मुआयना कर जाँच की जाएगी।

**जयवीर सिंह भदौरिया,** एडिशनल एसपी

# भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानंद की प्राप्ति होती है: पंडित ओमप्रकाश केशव महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का शुभारंभ निम्बालकर परिवार द्वारा कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। आयोजक उमेश निम्बालकर ने बताया कि पटवर्धन मार्ग, मोतीबंगला में श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कालोनी में कलश यात्रा निकली। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची।

निकाली गई कलश यात्रा में बडी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। कथा के प्रथम दिवस संस्कृत महाविद् पं. ओमप्रकाश केशवरे ने व्यासपीठ की पूजा कर कहा कि ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता, अस्थायी हो जाता है। धुंधकारी चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मसात कर लें तो जीवन से सारी उलझने समाप्त हो जाएगी। भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की।

भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। व्यासपीठ की आरती आयोजक चेतना निम्बालकर, ओम निम्बालकर, आयुषी निम्बालकर हाइकोर्ट अभिभाषक एवं समस्त निम्बालकर परिवार ने की। भागवत कथा 20 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5.30 बजे तक चलेगी। पूर्णाहूति के दिन भोजन प्रसादी (भण्डारा) का आयोजन होगा।

# सोने की चैन लूटने वाले आरोपियों को मिली सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस थाना सिविल लाईन अन्तर्गत गंगा निकेतन कालोनी में रहने वाली प्रिया व मोनिका सगी बहने स्कुटी से 9 अगस्त 22 को रात्रि 8.15 बजे अपने घर जा रही थी। दोनो बहन स्कुटी से जैसे ही कबीर गार्डन के गेट के सामने पहुंची।

स्कुटी के पीछे बैठी मोनिका के पास मोटर साईकिल पर दो लडक़े आये व झपटटा मारकर गले में पहनी सोने की पॉच ग्राम चेन लूटकर भाग गये। फरियादी व उसकी बहन ने उन्हे देख लिया था। पुलिस थाना सिविल लाईन देवास ने घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान व सोनकच्छ आरक्षी केन्द्र में अभियुक्त नीलेश व विकास से पूछताछ व अन्य अपराध में हरदा जेल में बंद आरोपियों की औपचारिक गिरफ्तारी कर देवास न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाया गया व पूछताछ की गई।अभियुक्त निलेश की निशादेही परउसके मकान पिथमपुर धार से 5 ग्राम सोने की चेन जप्त की गई। अनुसधान पूर्ण कर आरोपीगण के विरुद्व धारा 392, 34 में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया।

विचारण न्यायालय द्वारा धारा 392 सहपठीत धारा 34 भादस में तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पाँच-पाँच हजार रूपए अर्थ दण्ड से आरोपीगण निलेश व विकास को दंडित किया। विचारण न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध आरोपी निलेश राठौर निवासी पीथमपुर एव विकास पिता अजय अवस्थी निवासी पीथमपुर जिला धार ने जिला न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की। जिस पर न्यायालय तृतीय सत्र न्यायालय देवास के विद्वान न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार के न्यायालय ने दिनांक 14/5/2024 को दिये निर्णय में आरोपियों की अपील को निरस्त किया।

अपने निर्णय में अपर लोक अभियोजक मनोज श्रीवास द्वारा अपील में अन्तीम बहस (तर्क) के दौरान साक्षीगण की साक्ष्य से अभियुक्तगण द्वारा घटना कारित करना प्रमाणित होने व अपील सार हीन होने का तर्क रखते हुऐ विचारण न्यायालय द्वारा दिये दण्ड की पुष्टी का निवेदन करते हुऐ आरोपियों की अपील निरस्त करने का निवेदन किया था। न्यायालय के समक्ष अपर लोक अभियोजक ने सोने की चेन लुटने की बड़ती घटनाओ व दर्ज अपराध का तर्क न्यायालय के समक्ष रखा था।

साथ आरोपियों द्वारा चेन लुटने के अन्य आरक्षी केन्द्र में अपराध पंजीबध होने का तथ्य तर्क के दौरान माननीय न्यायालय के समक्ष रखा। अपील न्यायालय द्वारा आरोपीगण की प्रतिभुति बंधन पत्र निरस्त कर अभियुक्त गण को सजा भुगताये जाने हेतु सजा वारंट के साथ जिला जेल देवास भेजा शासन की ओर से अपील न्यायालय में मनोज श्रीवास अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की पक्ष रखा।

# वर्षाकाल पूर्व शहर में की जा रही नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया के द्वारा निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शहर के नालों के साथ ही वार्डो मे स्थित नालियों की भी सफाई दूरत गति से की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिसोदिया से चर्चा अनुसार वर्षाकाल मे जल जमाव जैसी स्थिती उत्पन्न न हो इस हेतु आयुक्त के निर्देशन मे नालों एवं नालियों की सफाई कार्य निरंतर जारी है तथा वार्डो मे भी सफाई मित्रो द्वारा सफाई कार्य किये जा रहे है। श्री सिसोदिया ने बताया कि कचरा संग्रहण गाडीयों द्वारा वार्डो मे घर-घर से गीला एवं सुखा कचरा लिया जा रहा है। कचरा संग्रहण गाडियां कुछ वार्डो मे थोडा विलम्ब से पहुॅच पा रही हैं, विलम्ब से जाने वाली कचरा गाडियों पर फोकस किया जाकर जो समस्या आ रही है उसे शीघ्र ही दूर कर समय पर उन वार्डो मे भी कचरा गाडियों को भेजा जाना सुनिश्चित किया जा रहा है जो कचरा गाडियों मे तकनीकी समस्या है उन गाडियों मे शीघ्र ही कार्य करवाया जा रहा है ताकि समय पर वार्डो मे कचरा गाडियां पहुंच सकें।

# अनोखा विरोध प्रदर्शन: पार्षद प्रतिनिधि बने कचरा वाहन चालक, घर-घर जाकर उठाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के वार्ड क्रमांक-22 जवाहर नगर में पिछले कई दिनों से कचरा वाहन नहीं पहुंच रहा हैं, जिसको लेकर वार्डवासियों ने पार्षद प्रतिनिधि रुपेश वर्मा से शिकायत की। शिकायत को वर्मा ने निगम के संबंधित अधिकारी को बताया। बावजूद इसके कचरा वाहन वार्ड में नहीं पहुंचा तो पार्षद प्रतिनिधि स्वयं नगर निगम के कचरा वाहन को लेकर वार्ड में पहुंचे और लोगों के घरों से कचरा एकत्रित किया।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि एक तरफ नगर निगम शहर में स्वच्छता के लिए कई प्रयास करता है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम से कचरा संग्रहण के लिए कोई वाहन नहीं पहुंच पा रहा है ऐसे में वार्ड के लोगों को काफी परेशानी उठाना पड़ रही है। कई घरों में कचरे की थैलियां रखी हुई जिनसे से अब बदबू आने लगी है।क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि रुपेश वर्मा का कहना है कि इस और नगर निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार अवगत कराने के बाद भी कचरा गाड़ी का नहीं आना नगर निगम कि लापरवाही उजकगर कर रही है। उसी को लेकर आज वह खुद घरों से कचरा इकट्ठा कर रहे हैं।

### अभिव्यक्ति मंच के माध्यम से पीड़ित और जरूरतमंदों की जाती है मदद

# शिक्षकों की संस्था वर्षों से कर रही मानवता की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली






विकासखण्ड अंतर्गत देवगढ़ संकुल में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक भरत लाल चौहान के पुत्र धर्मेन्द्र चौहान का सडक दुर्घटना में सिर की गंभीर चोट के कारण कौमा में चले जाने के कारण गम्भीर अवस्था मे ईलाज जारी हैं। परिवार द्वारा करीब 15 लाख रुपए तक खर्च करने के बाद भी शिक्षक चौहान के पुत्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस अवस्था मे साथी शिक्षक साथियों ने भी चौहान की मदद की गई।

वही शिक्षक मनोज शर्मा द्वारा क्षेत्र में इस हेतु कार्य करने वाले अभिव्यक्ति मंच बागली के अध्यक्ष - सचिव पं राकेश नागौरी व वारिस अली से भी संपर्क किया गया। मंच के माध्यम से हर बार की तरह अपने सहयोगियों से सहयोग की अपील की गई। अपील के बाद सहयोग का क्रम सतत जारी है।सबसे पहले वन कर्मी विनोद भार्गव के द्वारा 8 हजार रुपए दिए गए, जबकि 500/ रूपये प्रति व्यक्ति सहयोग की अपील की गई थी । शिक्षक साथियों ने निर्वाचन कार्य के साथ अपना इंसानियत का धर्म भी बराबर निभाया।शिक्षक वारिस अली विगत दो माह से निर्वाचन में मास्टर ट्रेनर है और सतत सेवाए दे रहे हैं और साथ में इस पुनीत कार्य को जारी रख पीड़ित परिवार को संबल दे रहे है। अभिव्यक्ति मंच विगत 25 वर्ष से क्षेत्र में इस तरह के जनहितैषी कार्यो में संलग्न रहकर अभी तक परस्पर सहयोग से लाखों रुपए की मदद करवा चुके है और सैकड़ों लोगों का विश्वास भी स्थापित कर रखा है। बगैर रजिस्टर्ड संस्था पारदर्शिता के साथ विश्वास से संचालित है और गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद संस्था के द्वारा की जारी रही हैं।मंच से बडी संख्या में शिक्षक साथियों की सम्बद्धता है और सभी बड चढ़कर सहभागिता करते हैं। साथ ही मंच के व्हाट्सएप्प ग्रुप से जुड़े भारत भर के लोग अपना वांछित सहयोग समय-समय पर करते रहते हैं।कैलाशनगर अग्निकांड, गरीब विधार्थियों को लाखों की निःशुल्क स्वेटर वितरण और चिकित्सक सहायता जैसी मदद हर बार इस मंच की सक्रियता के प्रमाण है।

मंच संरक्षक वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी तथा सेवानिवृत्त शिक्षक बंशीधर सिसोदिया सदैव हर गतिविधियों पर नजर बनाए रखते हैं।कोरोनाकाल में निवृतमान जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सुर्यवंशी के आह्वान पर कलेक्टर देवास की अपील पर मंच के माध्यम से शिक्षकों द्वारा सर्वाधिक 7-8 लाख रुपए की राशि रेडक्रास सोसायटी में जमा की गई थी जो उन परिस्थितियों में बहुत आवश्यक थी। नागौरी व अली इस इंसानियत और मानवता के क्रम की निरंतरता के लिए अपने शिक्षक साथियों सहित मंच से जुड़ें सभी वरिष्ठ जनों को इसका श्रेय देते हैं।मंच गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए सतत सेवारत रहता हैं और जरूरतमन्दो का विश्वास के साथ सहयोग करता हैं।

# श्मशान पहुंचने से पहले अपनी करनी को सुधार लो: पंडित शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

न जाने कब बुलावा आ जाए, इसलिए श्मशान में पहुंचने से पहले ही अपनी करनी, अपने कर्मों को सुधार लो। जैसी हमारी करनी होगी वैसे ही अंत में हमारी गति होगी। जीते जी ऐसी करनी कर लो, जिससे अंत समय में पछतावा ना हो, दुर्गति ना हो। धन-दौलत है तो उस पैसे को परमार्थ के कार्य में, धर्म के कार्य में अवश्य खर्च करें। कोई काम ऐसा कर लीजिए कि जाने के बाद भी यह दुनिया याद रखें। यह विचार भोपाल रोड स्थित आंवलिया पिपलिया में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से पं. अजय शास्त्री सिया वाले ने व्यक्त किए। कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही भगवान श्री कृष्ण बाल रूप में कथा पंडाल में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजन समिति के बाबूलाल शर्मा, संजय शास्त्री, अनिल सर सहित धर्मप्रेमियों ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर आरती की।

**खबर संक्षेप**

## हिमांशी पाटीदार ने 12वीं सीबीएससी परीक्षा में बनाए 95 प्रतिशत अंक



श्यामपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर की होनहार छात्रा हिमांशी पाटीदार ने विषय कला में 95 प्रतिशत अंक बनाए और नगर श्यामपुर और जवाहर नवोदय विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर केएस बघेल, स्टाफ नागरिकों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में लक्ष्मीनारायण पाटीदार माता वाले, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटीदार, दीपक राजपूत, महेश जाट, खेमराज पाटिल वकील साहब, भंवर लाल पाटिल, रामबाबू पाटिल शिक्षक, सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, घनश्याम पाटीदार, राधेश्याम पाटिल, प्रकाश ठाकुर, विष्णु पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार आदि ने हिमांशी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सलोनी मालवीय के सुयश पर दी बधाई



सीहोर। सोमवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया है। पत्रकार राहुल मालवीय की भतीजी जवाहरलाल नवोदय विद्यालय श्यामपुर में 12वीं कक्षा में सलोनी मालवीय ने फस्ट डिवीजन से स्थान प्राप्त किया। 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, समाजजनों और जवाहरलाल नवोदय विद्यालय के स्टाफ ने माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया।

### जांच दल को सूर्या हॉस्पिटल में मिली अनेक अनियमितताएं

# अस्पताल के हाल: जांच दल को ऑपरेशन थियेटर में मिली गंदगी, डॉक्टर थे नदारद

जांच दल को निरीक्षण के दौरान निजी अस्पतालों में मिली कई अनियमित्ताएं।


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आष्टा नगर और नगर की सीमा में कुकुरमुत्ते की तरह प्राइवेट हॉस्पिटल खुल चुके हैं। कुछ हॉस्पिटल को छोड़कर बाकी में एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों के नाम लिख रखें है, लेकिन सुविधाएं भी नहीं है, तथा चिकित्सक भी नहीं मिलते है। बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी के नेतृत्व में एक जांच दल ने भोपाल रोड पर स्थित सूर्या हॉस्पिटल का निरीक्षण किया तो डॉक्टर जीडी सोनी सहित जांच दल में शामिल तरुण राठौर, मोहन श्रीवास्तव आदि आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि जो हॉस्पिटल में आवश्यक सुविधाएं व साफ- सफाई होना चाहिए, वह नहीं मिली। वहां उपस्थित चिकित्सक डॉ जितेश रोहरा अस्पताल के आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करा पाए। हालांकि जांच दल ने जांच प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीहोर डॉक्टर सुधीर डेहरिया को भेज दिया है। जिस प्रकार महादेव नर्सिंग कॉलेज पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कार्रवाई की है वैसी ही कार्रवाई इन प्राइवेट हॉस्पिटल वालों पर करना होगी, तभी कुकुरमुत्ते की तरह खुले हॉस्पिटलों पर अंकुश लगेगा और मरीजों का शोषण बंद होगा।

### अधूरे दस्तावेजों परचल रहे निजी अस्पताल

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी को निर्देशित किया था कि प्राइवेट हॉस्पिटलों की जांच कर जांच रिपोर्ट देवें। डॉक्टर जीडी सोनी ने अपने सिविल अस्पताल से टीम लेकर आष्टा - किलेरामा रोड पर स्थित सूर्या हॉस्पिटल में पहुंचे। जांच दल में शामिल टीम ने अलग-अलग कार्य बांट लिया था। जांच के दौरान जो आवश्यक दस्तावेज हॉस्पिटल में होना चाहिए, वह उपस्थित डॉ रोहरा उपलब्ध नहीं करा पाए। अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर कागजों पर ही सुविधा थी,





वास्तविकता में नहीं। गंदगी भयंकर थी। आपरेशन थियेटर में भी काफी कमियां मिली।

### निजी अस्पतालों में डॉक्टर नदारद

आष्टा में हॉस्पिटलों की बाढ़ आ गई है। एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों के नाम बोर्ड पर लिखें रहते हैं और एक डॉक्टर ही मिलता है। आपरेशन करने के लिए मरीज को भर्ती कर लेते हैं, लेकिन आपरेशन करने वाले डॉक्टर एवं निश्चेतना चिकित्सक भी नहीं रहता है। जो डॉक्टर मिलते हैं,वह सर्जरी करना भी नहीं जानते हैं, सिर्फ टांके लगा सकते हैं। कलेक्टर प्रवीण सिंह इस ओर ध्यान देकर मरीजों के साथ हो रही खुली लूट एवं जिंदगी से खिलवाड़ पर अंकुश लगवाएं।

# हमारा लक्ष्य पवित्र होना चाहिए: संगठन मंत्री

**आचार्य सामान्य शिक्षक वर्ग हुआ आयोजित**




**जावर।** ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित हुआ सामान्य शिक्षक वर्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ मै 15 दिवसीय वर्ग का शुभारंभ किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र में निखिलेश माहेश्वरी विद्या भारती मध्य भारत प्रांत, संगठन चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा, अशोक दांगी प्रांतीय कौषाध्यक्ष, गोपाल शर्मा वर्ग संयोजक, डॉ हरी सिंह किरार समाज सेवी के द्वारा सर्व प्रथम विद्या भारती का ध्वज को फहराया गया। जिसमें संगठन मंत्री के द्वारा ध्वज पूजन, एंव गौ माता की पूजन के पश्चात मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक के द्वारा करवाया गया।

अतिथियों का स्वागत अखिलेश दूबे जिला प्रमुख राघौगढ़ एवं अग्निवेश त्यागी के द्वारा किया गया। जिसके संगठन मंत्री के द्वारा बताया गया कि विद्या भारती के लक्ष्य के द्वारा आने वाली पीढ़ी का विकास करना है। हमारा लक्ष्य पवित्र होना चाहिये, इसके लिए सब कुछ करना पड़ता है हमारा लक्ष्य के एक एक शब्द मोतीयों के समान है, लक्ष्य के लिए टोली का निर्माण कर आचार्य परिवार, संयोजक मंडल, अभिभावकों, वरिष्ठ जनों को हमारा लक्ष्य के विषय में सत्य निष्ठा होना चाहिए। इसके तीन सुत्र 1. लोकसगृह, 2. लोकसंस्कार, 3 लोकनियोजन है, राष्ट्रीय शिक्षा विकास की चार बातें हैं। निश्चित भूमि,समाज, संस्कृति, इतिहास इससे राष्ट्र बनता है। सबसे बड़ा धर्म अहिंसा, परंतु धर्म के लिए हिंसा करनी पड़ती है तो जरूर करना चाहिए।

**पंचकौशात्मक का विकास** - शारीरिक शिक्षा, प्राणीक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, बोद्धिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, आदि विषयों पर मार्गदशित किया। संचालन मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़ ने किया गया। प्रांतीय समिति सदस्य इंदर सिंह परमार, शिवकुमार तिवारी, संचालन टोली से हरिशंकर सैनी, देवी सिंह नागर, राधेश्याम नागर, कालुसिंह राजपूत, रामबाबू कुम्भज, सियाराम पाटीदार, योगेन्द्र दांगी, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

# आनंदीपुरा के केंद्र क्रमांक 194 पर रिकॉर्ड, 91.87% मतदान,103 वर्ष की गुलाबबाई किया गया सम्मान

लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर ग्राम आनंदीपुरा की सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता 103 वर्ष की दादी गुलाबबाई प्रजापति ने खुद मतदान केन्द्र आकर मतदान किया। शॉल ओढ़ाकर कर सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

13 मई को सम्पन्न हुए चुनाव में मतदान केंद्र क्र 194 पर मतदान का रिकार्ड बना है। इस पोलिंग पर 91.87% प्रतिशत मतदान हुआ। उक्त मतदान केंद्र पर 103 वर्ष की महिला गुलाबबाई प्रजापति ने मतदान किया, जिसका ग्राम के निर्मल मेवाडा एवं अन्य साथियों ने शॉल ओढ़ाकर कर सम्मान किया। भ्रमण के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी ग्राम पहुचे ओर रिकॉर्ड तोड़ मतदान करने के लिये सभी को बधाई दी। ग्राम के युवा समाजसेवी निर्मल मेवाडा ने बताया की इस केंद्र पर कुल 788 वोटरों में से 724 (91.87%) मतदाताओं ने मतदान किया। उक्त बुजुर्ग मतदाता का बूथ पर स्वागत सम्मान किया गया। निर्मल



मेवाडा ने बताया की लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर ग्राम आनंदीपुरा की सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता 103 वर्ष की दादी गुलाबबाई प्रजापति ने खुद मतदान केन्द्र आकर मतदान किया । मतदान केंद्र पर पहुचने पर निर्मल पटेल द्वारा दादी मां का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

# अतिथियों के साथ विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीराम सैंधव क्षत्रिय राजपूत छात्रावास में डॉक्टर दिलीप सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य व फूलसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई गई। राजपूत संघ के संरक्षक में सेवा निवृत्त टीआई गोपालसिंह ठाकुर द्वारा अतिथियों को साफा बांधकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों व वर्ष 2023-24 में शासकीय सेवा में चयनित अधिकारी कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। समाज के अध्ययनरत प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं का उत्साहवर्धन कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शौर्य सम्राट महाराणा प्रताप के जीवनकाल की मुख्य घटनाओं पर नारायण सिंह ठाकुर, अनार सिंह चौहान, पूनम



सिसौदिया, जीवन सिंह ने प्रकाश डाला। इस मौके पर योगेंद्र सिंह भाटी, विक्रम सिंह ठाकुर, दिलीप सिंह, कमल सिंह, चंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव पर सकल हिंदू समाज ने किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा में भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्राकट्योत्सव पर कायस्थ समाज ने पुरानी सब्ज़ी मंडी आष्टा चित्रगुप्त मंदिर में भगवान् चित्रगुप्त जी महाराज का अभिषेक,पूजा,अर्चना कि तत्पश्चात भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का जुलूस आष्टा बडे बाज़ार से होता हुआ, खंडेलवाल चोराहा, बुधवारा,मानस भवन,चार बत्ती चौराहे पर पहूंचा, वहां सकल समाज के अध्यक्षगणो ने कायस्थ समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जी श्रीवास्तव सहित सभी का साफे बांधकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज के संयोजक सुरेश सुराना, मुकेश नामदेव, मनीष डोंगरे, महेश जाट, राजीव गुप्ता, भूरु मुकाती, निर्मल बैरागी, पांचाल जी, मांगीलाल सिसोदिया, रमेश मालवीय, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट,अनाज तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, मन्दिर समिति अध्यक्ष नरेश माथुर, कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव इत्यादि सज्जन उपस्थित हुए।

# खाली प्लाटों में घरों का पानी जमा होने से हो रही गंदगी, मच्छरों के पनपने से बीमार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है।

जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। ताकि समस्या का समाधान हो सके।



गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 15,16 और 18 के स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लगातार नालियों और नाले का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं। उसके बाद भी अभी तक वार्डों में नालियों और नाले का निर्माण नहीं हुआ है। जिसकी वजह से वार्डों के खाली प्लाटों में पानी जमा हो रहा है।

### सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित, छात्र-छात्राओं में खुशी छाई

# पुष्प और देहली वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार को सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। इस दौरान आष्टा के पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा का कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें शत प्रतिशत बच्चे पास हुए। पुष्प स्कूल से कक्षा दसवीं में मोहित सिंह ठाकुर ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषि चौहान ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 12 वीं में प्रियंका माथुर ने पीसीएम मे 85 प्रतिशत के साथ प्रथम और सचिन दरिया ने 84 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और प्रिंस परमार ने पीसीबी में 75 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सुभाना परवीण ने 74 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही तनिष्क वोहरा ने कॉमर्स में 95 प्रतिशत के साथ पहला स्थान प्राप्त किया और हर्षित ठाकुर एवं मारिया सैफी ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यदि





सीबीएसई के आए परिणामों पर नजर डाले तो पुष्प स्कूल में कक्षा दसवीं में 126 में से 100 बच्चे उत्तीर्ण हुए एवं कक्षा 12वीं में 47 बच्चों में से 35 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इस दौरान उत्कर्ष परीक्षा परिणाम आने पर पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर मेल्विन सी जे ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल ने अच्छे रिजल्ट का श्रेय शिक्षकों और विधार्थियों को दिया।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रहा परिणाम

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत इस वाक्य को





चरितार्थ करते हुए विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा कक्षा 10वीं और 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम के साथ सफलता प्राप्त की है। परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने अथक परिश्रम के साथ उत्तम प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं जिसमें कॉमर्स विषय में कुशाग्र धारवा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया। मृदुल बड़जात्या ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, शौर्य जैन ने 94.2 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान और कोपल ताम्रकार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज में हर्षित पटेल ने 88.6 प्रतिशत, मानवेंद्र परमार ने 85.8 प्रतिशत और शिवराज ठाकुर ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस में कनिष्का रणकौशल ने 86.6 प्रतिशत अंक और हिमांशी सोनानिया ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10 वीं का परिणाम जिसमें क्रिश मेवाडा ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया, तनिश जैसवाल 88.20 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, तनिष्का गेहलोत ने 88 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजय चौधरी ने 87.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ और अनन्या शर्मा ने 86 प्रतिशत अंक से पांचवा पांचवें स्थान को प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी में 95 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए तथा 12वीं में 90 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक व संचालकगण ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व पालकगण को बहुत सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# जैन मंदिर में मनाया गया मोक्ष कल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिनों जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष और उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। नगर के चंद्र प्रभु मंदिर गंज में भगवान नमिनाथजी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अभिषेक, शांति धारा भक्ति- भाव के साथ की गई । नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर व चंद्र प्रभु मंदिर, नेमिनाथ दिगंबर मंदिर साईं कॉलोनी व शांति नगर में भी भगवान नमिनाथ जी की आराधना की गई।

# नहीं हो पा रहा कलेक्टर व सीएमएचओ के चार्ज देने वाले आदेश का पालन

## 15 दिन में जीरापुर बीएमओ नहीं दे पाए चार्ज, अभी भी केशबुक पूरी न होने का दिया जा रहा हवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आचार संहिता में बिना सक्षम अधिकारी के धरना, हड़ताल करने वाले जीरापुर सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज गुप्ता को अब जनता ने अनवान्टेड बीएमओ के नाम से पुकारना शुरू कर दिया है। अनवान्टेड इसलिए की न ही मरीजों से हमदर्दी रखते हैं और न ही समय पर इलाज करते हैं बल्कि मरीजों को अपने निजी क्लीनिक पर बुलाते हैं। ओपीडी में कम समय देना आम बात है। पिछले दिनों एक महिला डॉ पर मरीज के परिजनों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए उन पर एफआईआर दर्ज करवाने के बाद जनता का यह रिएक्शन देखने में आया है। लोगों का कहना है कि डॉ गुप्ता अपनी हठधर्मिता दिखा रहे हैं। जबकि पीड़ित जिस पर एफआईआर हुई है उसने किसी महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता नहीं की। विवाद बढ़ने पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित के अनुमोदन पर सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने तुरंत प्रभाव से एक आदेश जारी करते हुए डॉ गुप्ता के समस्त चार्ज पीपल्या कुल्मी के मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनील चौरसिया को देने का कहा था परंतु आज 15 दिन बाद भी स्थिती जस की तस है।




### आईएएस और आईपीएस के चार्ज में भी नहीं लगता इतना समय

मात्र जीरापुर ब्लॉक के सिविल अस्पताल के बीएमओ का चार्ज देने में डॉ मनोज गुप्ता को 15 दिन निकल गए। ऐसे कौन से कारण होते हैं कि स्वास्थ्य विभाग में कोई अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी की सुनने को तैयार को ही नहीं है। ढुलमुल रवैए के कारण ही मेडिकल ऑफिसर भी मनमानी करने पर उतर आए हैं। तभी एक छोटा सा चार्ज होने में भी इतने दिन निकल गए। जबकि जिले में महत्वपूर्ण पदों पर रहने वाले आईएएस और आईपीएस के चार्ज भी कुछ ही घंटे में संपन्न हो जाते हैं। इस तरह का लापरवाही पूर्ण व्यवहार स्वास्थ्य विभाग की छवि को और धूमिल करता है।

### 15 दिन में नहीं दे पाए अपना चार्ज

इसको जीरापुर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ मनोज गुप्ता की हठधर्मिता कहें या फिर अपने अधिकारियों के गुस्सा शांत करने और अपना उल्लू सीधा करने का नया तरीका। कलेक्टर हर्ष दीक्षित के अनुमोदन के बाद सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने एक आदेश जारी कर अपना चार्ज पीपल्या कुल्मी के डॉ सुनील चौरसिया को देने का कहा गया था परंतु आज 15 दिन निकल जाने के बाद भी जीरापुर के बीएमओ बने बैठे डॉ गुप्ता अपना चार्ज देने को तैयार नहीं।

### डॉ गुप्ता ने ले रखा है 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का चार्ज

सूत्रों की माने तो जीरापुर के बीएमओ बने बैठे डॉ मनोज गुप्ता के पास जीरापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ 3 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का चार्ज हैं। जिनमें भगोरा ,गोघटपुर और रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। ऐसे में वित्तिय पावर दूसरे को सौंपाने में शायद परेशानी आ रही होगी, इसीलिए आज 15 दिनों के बाद भी दूसरे डॉ सुनील चौरसिया को चार्ज नहीं मिल पाया हैं।

**इनका कहना है...**

हां मैंने पता किया था केशबुक अनकंप्लीट होने के कारण शायद देरी हो रही है। जैसे ही कैशबुक कंप्लीट हो जाएगी वैसे ही जल्दी ही चार्ज सौंप देंगे।

डॉ किरण वाडिवा, सीएमएचओ जिला अस्पताल राजगढ़

---

पांच दिन पहले दिया थाने में आवेदन, नहीं हुई कार्रवाई

# लोन के नाम पर राजगढ़ की 11 महिलाओं से एक लाख की धोखाधड़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में स्मॉल फाइनेंस करने वाली अनेक छोटी-छोटी कम्पनियां और समूह के कर्मचारी इन दिनों महिलाओं को ठगने में लगने हुए हैं। हफ्ते या 15 दिन के लोन की किश्तें जमा करवाई जाती हैं। इसी तरह की एक कंपनी को छोड़ चुके कर्मचारी द्वारा वार्ड-10 की महिलाओं से करीब 1 लाख ऐंठ लिए गए। यह रकम कुछ कैश तो कुछ फोन-पे के माध्यम से खाते में जमा करवाई गई। अब संबंधित व्यक्ति गायब है और पीड़िता महिलाओं के फोन भी रिसीव नहीं कर रहा है। धोखे की शिकार हुई सभी फरियादी महिलाओं ने राजगढ़ कोतवाली में चार-पांच दिन पहले आवेदन दिया। लेकिन, थाने में भी उक्त आवेदन बीते पांच दिन से जांच का हवाला देकर रखा हुआ है जबकि अब तक एफआईआर हो जानी चाहिए थी।

### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के वार्ड-10 में कमल फाइनेंस नाम की कम्पनी का कर्मचारी आनंद बिलवान निवासी चाकरोद समूह की किश्तें लेने आता था। बाद में आनंद ने नौकरी छोड़ दी। उसने प्रीति मालवीय, पायल, केलाबाई, कालीबाई, देवसिंह, समतबाई, दिया मेवाडे, बसंती सहित अन्य महिलाओं को 1-1 लाख का लोन दिलवाने का भरोसा दिलवाया। बाद में कहा की एक लाख लेने के लिए प्रत्येक महिला को 3590 रुपए जमा करवाने होंगे। महिलाओं ने कुछ नकद और कुछ ऑनलाइन पेमेंट करते हुए आनंद बिलवान तक रकम भिजवाई। अब आनंद न तो लोन करवा रहा है न ही महिलाओं के रुपए लौटा रहा है। सभी पीड़िताओं ने कोतवाली आकर न्याय दिलवाने आवेदन दिया। इस बात को भी पांच दिन हो गए पर कोई कार्यवाही थाना स्तर से अभी तक देखने नहीं मिली है।

**इनका कहना है...**

आवेदन आया था। मोहनसिंह को उसकी जांच सौंपी थी। जल्द कार्यवाही करवाते हैं।

- **वीरसिंह ठाकुर**, थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़

---

अनेक प्रतिभाओं के धनी हैं, पुरस्कृत हुए दिव्यांग आइकॉन

# झालावाड़ में भामाशाह सम्मान से नवाजे गए राजगढ़ के राजेश वर्मा



**राजगढ़।** राजस्थान राज्य की सामर्थ्य सेवा संस्थान द्वारा विगत दिवस भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन झालावाड़ में किया गया। कार्यक्रम उन भामाशाहों को सम्मानित किया गया जिनके द्वारा समाज में बेहतर कार्य करके समाज को नई दिशा प्रदान की गई है। राजगढ़ जिले के अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग मॉडल राजेश वर्मा को भी यहां आमंत्रित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। राजेश वर्मा राजगढ़ के समीप करेड़ी गांव के एक किसान परिवार से आते है। राजेश वर्मा पांच साल पहले अपनी भोपाल में बीए की पढ़ाई कर रहे थे, उसी दौरान एक तीन मंजिल बिल्डिंग से नीचे गिर गए थे। दुर्घटना में उनकी कमर में चोट लगने से आधी बॉडी पैरालाइज हो गई थी पर इतना होने के बाद भी उन्होने हार नही मानी और आज एक स्टिक के सहारे चलकर कई उपलब्धियां हासिल करतें जा रहे है। राजेश के द्वारा मॉडलिंग में बेहतर प्रदर्शन करके कई शहरों में राजगढ़ का नाम रोशन किया गया। राजेश को कई बार ऐसे सम्मान से देश भर में सम्मानित किया जा चुका है। मॉडलिंग के साथ साथ पंजा कुस्ती में भाग लेते हैं। वो दुनियां के दिव्यांग हीरो ग्रुप का भी संचालन करते हैं। राजेश वर्मा भारतीय दिव्यांग संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में रह कर भी दिव्यांग जन की समस्यों पर कार्य करते हैं।

---

# एक जैसे नाम होने पर 37 हजार 500 उड़ा ले गई फ्रॉड महिला, एसडीएम से न्याय की गुहार

## 2 महीने बीतने पर भी मैनेजर ने नहीं कराई एफआईआर




**खिलचीपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की बरसों पुरानी खातेदार चंद्रकलाबाई पति बिरम सिंह सोंधिया निवासी खुरचनियाकला उम्र लगभग 50 वर्ष के खाते से 37,500 रुपए की रकम खातेदार महिला के नाम से निकाल ली। एक ही जैसे पति का नाम तथा एक ही जाति ओर एक ही गांव के नाम का फायदा उठाकर खातेदार महिला चंद्रकलाबाई के खाते से मोटी रकम निकाल ली। जब खातेदार महिला समूह से लिए गए लोन की रकम निकलवाने बैंक गई तब पता चला कि तुम्हारे खाते में राशि आई थी लेकिन आपके खाते से निकाल ली गई है। लेकिन खातेदार महिला ने कहा साहब मैं तो दो-तीन महीने से बैंक नहीं आई फिर किसने राशि निकाल ली। तब से अब तक खातेदार महिला बैंक और पुलिस थाने में 2 महीने से चक्कर लगा रही है। बैंक मैनेजर ओर पुलिस खातेदार महिला की सुनवाही नहीं कर रही है। पुलिस थाने महिला जाती है तो थाने में महिला को बताया जाता है कि बैंक मैनेजर से लिखवा कर लाओ तब कहीं आपकी रिपोर्ट लिखी जाएगी। अब महिला ने एसडीएम को शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

**इनका कहना है...**

मैं खुद दो-तीन बार फ्रॉड महिला के घर गया हूं कि चंद्रकला के खाते से जो तुमने रकम निकाली है वह रकम आपकी नहीं है इस खातेदार महिला को दे दो।

**धर्मबीर सिंह,** बैंक मैनेजर

**कार्रवाई की जाएगी**

एलडीएम को बताती हूं जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**अंकिता जैन,** एसडीएम खिलचीपुर।

---

जहां चार बर्तन रहते हैं वहीं से आती है आवाज इसलिए अपनी परिवारमाला जोड़कर रखें



**राजगढ़।** गीता मानस प्रचार समिति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस व्यासपीठासीन संत नरेन्द्र नागर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को घर-परिवार को जोड़ने के विषयों को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि जिस घर में पांच बर्तन रहते हैं, आवाज उसी घर से आती है इसलिए अगर आपका परिवार सामूहिक है तो इसे अपना सौभाग्य समझिए। अगर किसी घर में चार भाई हैं और चारों के चूल्हे अलग जल रहे हैं तो वो घर नहीं बल्कि बल्कि धर्मशाला जेसी हुई। उन्होंने शिव-पार्वती वृतांत का बखान भी कथा में किया। इसके साथ ही कहा की बच्चों को मोबाइलों से दूर रखें। सिर्फ उतने ही समय मोबाइल चलाने दें जितने समय की बच्चे की पढ़ाई है। यह मोबाइल भी परिवार, समाज में बहुत बड़ी दूरियां बना रहा है। उल्लेखनीय है की 10 मई से यह रात्रिकालीन कथा आरंभ हुई है जो 16 मई तक चलेगी। इस बीच भगवान की अनेक कथाओं, जीवन दर्शन इत्यादि की बातें संत श्री द्वारा बताई जाएंगी। गत दिवस खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाडा ने भी कथा में पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद लिया।

---

# 'अपराध से आध्यात्म की ओर,' सूर्य भगवान से ऊर्जा मांगते बंदी

## राजगढ़ जेल गायत्री मंत्रों से हुई गुंजायमान, बंदियों ने कहा हम सुधरेंगे जग सुधरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बंदियों में गायत्री मंत्र से आया उत्साह नजर, पुस्तकालय में होंगी ज्ञानवर्धक पुस्तकें

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देशभर की जेलों में गायत्री परिवार द्वारा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बंदी भाईयों के मानसिक चिंतन को बदलने का बड़ा प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला जेल राजगढ़ में भी कैदीयों को नियमित स्वाध्याय के लिए गायत्री परिवार द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी द्वारा रचित साहित्य की स्थापना की गई। गायत्री परिवार के सदस्यों ने जेल मे ज्ञानवर्धक पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया ।

**स्व श्याम प्रकाश विजयवर्गीय की स्मृति मे परिवार ने जेल मे अलमारी भेंट की:** जिला जेल राजगढ़ मे केदियो के लिए स्वास्थ विभाग मे कार्यरत रहे स्व.श्याम प्रकाश विजयर्गीय ,किला मोहल्ला राजगढ़ जिन्हे शंभू दादा भी कहा जाता था उनके परिवार के पुत्र ऋषि,राहुल विजयवर्गीय ने इस मोके पर अलमारी भेंट की,डॉ राहुल विजयवर्गीय ने कहा की कैदियों को अपने जीवन मे सुधार करके समाज कल्याण के लिये ये पुस्तके जीवन मे बदलाव लाएगी।

**बंदियों ने एक बुराई दी और गायत्री मंत्र के तोर पर अच्छाई ली:** बंदी साधना अभियान के प्रभारी प्रेमलाल कुशवाह ने बंदी भाईयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले आपकी एक बुराई मुझे दे दें मैं आपकी बुराई को मां नर्मदा में विसर्जित कर दुंगा तथा इस बुराई के बदले आप एक अच्छाई के रूप में गायत्री मंत्र की साधना ग्रहण करें। कुशवाह ने आगे कहा कि गायत्री मंत्र का बड़ा प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है और सकारात्मक सोच बढ़ती है इसलिए हमारे परिवार के सभी सदस्यों को गायत्री मंत्र से अनिवार्य रूप से जुड़ना चाहिए तथा इसका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम मे कुशवाह ने कहा कि देश की 108 जेलों में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य पुस्तकालय स्थापना का हमारा संकल्प हैं ओर यह जिला जेल राजगढ़ में 37 वा पुस्तकालय हैं।

---

# वैशाख मास की छठ पर देव मंदिरों में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता




**सारंगपुर।** वैशाख मास के सोमवार को छठ पर्व के अवसर पर स्थानीय कालेश्वर धाम पर श्रद्धालुओं का तांता दिन भर लग रहा। अति प्राचीन करीब 200 वर्ष पूर्व कलाजी मंदिर पर श्रद्धालु छठ पर्व पर दर्शन करने के लिए भारी संख्या में आते हैं श्री काला जी कालेश्वर धाम चांद बड़ी पर स्थित था तिलभंडेश्वर महादेव मंदिर के पीछे कालेश्वर धाम बनाया गया है जहां पर भारी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं उक्त कालेश्वर धाम पर कई श्रद्धालुओं की मन्नते पूरी हो चुकी है कई लोगों के बिगड़े काम बने हैं इसलिए यहां पर श्रद्धालु अपनी मांन उतारने के लिए भी आते रहते हैं छठ पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर कालेश्वर धाम पर बाबा कालाजी के दर्शन कर मन्नत मांगी और पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर देवनारायण पुष्पद रामनारायण पुष्पद बाबूलाल पुष्पद भोला राधेश्याम पुष्पद रामबाबू पुष्पद सत्यनारायण ,पुष्पद अजय मालवीय सहित भारी संख्या में माता बहनो ने शामिल होकर महा आरती का लाभ लिया वही महा आरती की के बाद भंडारे का आयोजन भी किया है जिसमें लोगों ने प्रसाद का लाभ लिया वहीं निकट में पर स्थित देवनारायण भगवान के मंदिर पर भी कई लोग पहुंचे माथा टेक कर बाबा से मन्नतें मांगी पर वहां भी मांह आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए इतना ही नहीं नगर के आसपास के देवस्थान साईदाबाद तलेनी तारागंज किशनपुरा जेल बडली राधा नगर सहित आसपास के देव मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देव के दर्शन लाभ लेकर पूर्ण लाभ प्राप्त किया।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को कक्षा 12वीं और 10वीं के नतीजे किए घोषित

# सीबीएसई के जिले में 20 स्कूल, उनमें टॉपर रही आशी यादव और अमितुल्लाह खान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को कक्षा 12वीं और 10वीं के नतीजे घोषित कर दिए। हर साल की तरह इस साल भी बालिकाओं ने बालकों को पीछे छोड़ते हुए बड़ी मार ली। सीबीएसई से संबंध राजगढ़ जिले में कुल 20 स्कूल हैं। इनमें कक्षा 12वीं में राजगढ़ के स्वामी विवेकानंद स्कूल की बालिका आशी यादव ने 97.8 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में ज्योति कॉन्वेंट स्कूल ब्यावरा के बालक अमितुल्लाह खान ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप किया है। सीबीएसई विद्यालयों के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर ए.साहा ने बताया की इस वर्ष लगभग जिले से 1000 बच्चों ने 12वीं एवं 1600 बच्चों ने 10वीं की परीक्षा दी थी। जिले के सभी विद्यालयों के बच्चों ने बीते वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया है।

## संस्कार एकेडमी के बच्चों ने जिले की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान







*पचोर नगर की सीबीएसई मान्यता प्राप्त आवासीय शैक्षणिक संस्था संस्कार एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड में राजगढ़ जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं और 10वीं में सफलता प्राप्त कर विद्यालय परिवार और समाज को गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं विज्ञान समूह (बायोलॉजी) के छात्र दीपक चैरसिया ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त कर नगर पचोर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में छात्र निशा सूर्यवंशी ने 86 प्रतिशत दिशा माहेश्वरी ने 85 प्रतिशत वैष्णवी सक्सेना ने 80.8 प्रतिशत आकांक्षा गुप्ता 80.8 प्रतिशत कमलेश मालवीय 79.6 प्रतिशत नीरज राजपूत 76.4: मनस्वी शर्मा 76.4 प्रतिशत अनुज तोमर 76 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा आभा पाटीदार ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं नगर पचोर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा सौम्या गोयल 92.8 प्रतिशत कनक यादव 90 प्रतिशत ऋषिका दुबे 88 प्रतिशत खुशी राजोरे 87.6 प्रतिशत कृष्णांष गुप्ता 87.4 प्रतिशत मुस्कान चैहान 85.8 प्रतिशत दीपांशी गोयल 85.4 प्रतिशत प्राप्त कर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्षन किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष दीपक गोयल सचिव दिनेश गोयल कोषाध्यक्ष पंकज गोयल डायरेटर विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई प्रेषित की एवं शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान कर उनकी सफलता का अभिवादन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी स्कूल कोर्डीनेटर इरशाद अहमद, सोनल सिसोदिया एवं समस्त वरिष्ट शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई दी।*

## एडवांस्ड किड्स स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम




*वर्ष 2023-24 का एडवांस्ड किड्स एकेडमी जीरापुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं के छात्र प्रत्युष कुमार साहू 93.2प्रतिशत विनायक गुप्ता 90.8 प्रतिशत, कृष्णा टाँक नें 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तथा कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय के छात्र रोहित मालवीय 90.4 प्रतिशत हर्ष व्यास 87.8 प्रतिशत राजा खान 87.6 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में श्रेया गुप्ता 89.4 प्रतिशत आयुषी विश्वकर्मा 81 प्रतिशत राधिका गुप्ता नें 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधक गिरिराज गुप्ता, प्राचार्य ईके जोशी सहित समस्त विद्यालय परिवार नें विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य कि कामना की।*